**Rotary** Indore Professionals

# Rotary Info

Charter No. – C66657 RI District 3040



Priyanki Maheshwari
President



Olayinka H. Babalola
R.I. President






Sanskar Kothari
District Governer



Anurag Singhai
Hon. Secretary

प्रिय साथी रोटेरियंस,
सस्नेह नमस्कार।
'रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स' के अध्यक्ष के रूप में आप सभी से इस न्यूज़लेटर के माध्यम से जुड़ते हुए मुझे अत्यंत हर्ष और गर्व की अनुभूति हो रही है। हमारा क्लब हमेशा से ही सेवा, समर्पण और व्यावसायिक उत्कृष्टता का एक अनूठा संगम रहा है। इस नए रोटरी वर्ष में, हमारे सामने समाज में एक सकारात्मक और ऐतिहासिक बदलाव लाने का एक नया अवसर है।
इस वर्ष हमें दो बेहद शक्तिशाली विचार मार्गदर्शक के रूप में मिले हैं:
अंतर्राष्ट्रीय थीम: Create Lasting Impact (अमिट/स्थायी प्रभाव छोड़ें)
डिस्ट्रिक्ट थीम: संकल्प (दृढ़ निश्चय)
'संकल्प' ही हमारी शक्ति है
"संकल्प" केवल एक शब्द नहीं है, यह हमारे भीतर की वह प्रतिज्ञा है जो किसी भी महान कार्य की नींव रखती है। जब हम इंदौर प्रोफेशनल्स के रूप में कोई जिम्मेदारी हाथ में लेते हैं, तो हमारा 'संकल्प' ही हमारी सबसे बड़ी ताकत बनता है। चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो, स्वास्थ्य सेवा हो, या पर्यावरण संरक्षण—हमारा हर कदम एक दृढ़ निश्चय से बंधा होना चाहिए।

आइए, हम सब मिलकर पूरी ऊर्जा के साथ जुट जाएं ताकि रोटरी इंटरनेशनल के ध्येय 'Create Lasting Impact' को सच कर सकें।

आपकी साथी
प्रियंकी माहेश्वरी




Dear Friends in Rotary

Today's world is exceedingly complex and increasingly self-centered. Although individuals genuinely wish to contribute to society in their personal capacity, they often spend their limited time merely contemplating how and in which field they should make a difference. Even when they eventually choose a path, their efforts are usually confined to working alone, in isolation, with limited resources and limited funding. In such a scenario, Rotary Club of Indore Professionals (RCIP) stands as a remarkable example of organized collective strength, contributing meaningfully across diverse areas of society—where people struggle for a better life, where education remains a challenge, where financial hardship deprives individuals of proper medical care and medicines, and in countless other spheres where humanitarian assistance is needed. 17-years ago, when I joined this prestigious club, where I found a group of determined and distinguished Rotarians, driven by the desire to give back to society, laid the first stepping stone. As we continued walking that path and steadily expanded the scope of our service, our club RCIP, has today grown from a narrow footpath into a broad and well-traveled road. These achievements would not have been possible without the dedication, vision, and tireless efforts of our past office-bearers and active members, whose invaluable contributions can never be forgotten.




Rtn. Anurag Singhai,
Hon. Secretary RY 2026-2027)

**'पसायदान' की सार्वभौमिक, वैश्विक गूंज: रोटरी का 'क्रिएटिंग लास्टिंग इम्पैक्ट'**

रोटरी इंटरनेशनल का वर्ष २०२६-२७ का सूत्रवाक्य है - 'क्रिएटिंग लास्टिंग इम्पैक्ट' (Creating Lasting Impact), अर्थात एक ऐसा प्रभाव उत्पन्न करना जो स्थायी हो, जो पीढ़ियों तक समाज का मार्गदर्शन करे।

**रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स** के सदस्यों के रूप में, जब हम सेवा के इस संदेश की गहराई में उतरते हैं, तो हमें अनुभूति होती है कि, समाज पर स्थायी प्रभाव छोड़ने की यह भावना हमारी भारतीय संस्कृति के मूलाधार चक्र रुप में प्रस्थापित तथा नित्य जागृत है। इसका सबसे सुंदर, सबसे पवित्र और सार्वभौमिक उदाहरण है — महाराष्ट्र के महान संत ज्ञानेश्वर महाराज जी द्वारा रचित '**पसायदान**'। समूचे विश्व में बसे हुए सभी लोगों के उत्थान और कल्याण के लिए रची गई यह एक उत्कृष्ट प्रार्थना है। **पसायदान** संत ज्ञानेश्वर जी की ७०० वर्ष पुरानी रचना है, जिनका यह मानना था कि "संपूर्ण विश्व की एक ही आत्मा है।" पसायदान इस मराठी शब्द का अर्थ है, "**ईश्वरीय कृपा का उपहार**"। यह प्रार्थना व्यक्तिगत, पारिवारिक, नगर, देश और संपूर्ण ब्रह्मांड के स्तर पर सदाचार, करुणा, सद्भाव, विश्व शांति और सौहार्द की कामना करती है।

**पसायदान** स्तोत्र 'ज्ञानेश्वरी' के अंतिम नौ श्लोक हैं, जो भारतीय अद्वैत वेदांत परंपरा के अंतर्गत श्रीमद् भगवद् गीता की व्याख्या करते हैं। ज्ञानेश्वरी को मराठी साहित्य की सर्वोत्कृष्ट वाङ्मयीन कृति माना जाता है। **पसायदान** कोई साधारण प्रार्थना नहीं है। यह विश्व कल्याण की एक ऐसी निस्वार्थ और धर्मनिरपेक्ष पुकार है, जिसे विश्व धर्म संसद, शिकागो, अमेरिका ने विश्व की सर्वोच्च धर्मनिरपेक्ष प्रार्थनाओं में सर्व प्रथम क्रमांक पर सन्मानित किया है। इसी विश्व धर्म संसद ने हमारे स्वामी विवेकानन्द जी का सन्मान किया था।

संत ज्ञानेश्वर ने ईश्वर से अपने लिए कोई सुख नहीं मांगा, बल्कि उन्होंने संपूर्ण मानवता के लिए एक **'लास्टिंग इम्पैक्ट'** की कामना की थी।

संत ज्ञानेश्वर ने पसायदान में कहा है: **"जे खळांची व्यंकटी सांडो, तया सत्कर्मी रती वाढो।"** (अर्थात, दुष्टों की दुष्टता नष्ट हो जाए और उनके हृदय में सत्कर्म के प्रति प्रेम उत्पन्न हो। गीता में भगवान् श्रीकृष्ण ने **'विनाशाय च दुष्कृताम्'** याने दुष्ट लोगों के समूल संहार का आग्रह किया है। संत ज्ञानेश्वर जी दुष्टों का नाश नही बल्कि दुष्ट प्रवृत्तियों का नाश हो ऐसी प्रार्थना की है ।) क्या रोटरी का उद्देश्य इस से अलग है? हम केवल बाहरी बदलाव नहीं लाते, बल्कि समाज की सोच बदलते हैं। जब रोटरी शिक्षा, शांति और संघर्ष निवारण के लिए काम करती है, तो वह वास्तव में मानव हृदय को सत्कर्म की ओर ही प्रेरित कर रही होती है। यही असली और स्थायी प्रभाव है।

पसायदान की अगली पंक्तियों में प्रार्थना की गई है: **"दुरितांचे तिमिर जावो, विश्व स्वधर्म सूर्ये पाहो।"** (अर्थात, अज्ञान और दुखों का अंधकार मिट जाए और पूरा विश्व अपने स्वधर्म रूपी सूर्य के प्रकाश को देखे।) आज रोटरी जब बीमारियों से लड़ती है, अशिक्षा का अंधकार मिटाती है, और पर्यावरण की रक्षा करती है, तो वह वास्तव में समाज के दुःख-दर्दों का अंधकार ही तो दूर कर रही है। रोटरी की हर सेवा परियोजना उस 'स्वधर्म के सूर्य' की एक किरण है, जो दुनिया को प्रकाशित करती है।

रोटरी भी किसी एक देश या वर्ग की पुश्तैनी जायदाद नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की संस्था है। पसायदान की पंक्ति **"भूतां परस्परे पडो, मैत्र जीवांचे"** (सभी जीवों में आपस में मित्रता और प्रेम का भाव उत्पन्न हो) रोटरी की वैश्विक मैत्री (Fellowship) और अंतरराष्ट्रीय समझ के आदर्शों का ही तो प्रतिबिंब है।

इस वर्ष, आइए हम 'रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स' के मंच से 'क्रिएटिंग लास्टिंग इम्पैक्ट' को केवल एक विचार न रहने दें, बल्कि इसे पसायदान की भावना के साथ प्रत्यक्ष रूप में सार्थ सम्पन्न करें। हमारी हर परियोजना, हमारी हर सेवा ऐसी हो, जो समाज की जड़ों को सींचे। अंत में, संत ज्ञानेश्वर के इन्हीं शब्दों के साथ हम अपने सेवा कार्य को आगे बढ़ाएं— **"जो जे वांछील, तो ते लाहो, प्राणिजात"** (हर प्राणी जो चाहे, उसे वह मंगलकारी रूप में प्राप्त हो)।



यही रोटरी का सत्य है, यही पसायदान का सार है, और यही हमारा सच्चा 'लास्टिंग इम्पैक्ट' है।

श्रीकांत जोशी संपादक

Only For Internal Circulation

Rotary Indore Professionals

# Rotary Info

Charter No. – C66657 RI District 3040

प्रिय रोटरी परिवार एवं रोटरी मित्रों,

रोटरी वर्ष 2025–26 के दौरान अनेक ऐतिहासिक उपलब्धियाँ प्राप्त करने के लिए आप सभी को हार्दिक बधाई एवं धन्यवाद।

आपका समर्पण, निष्ठा और रोटरी फाउंडेशन के माध्यम से डिस्ट्रिक्ट 3040 को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाने का आपका अटूट संकल्प वास्तव में सराहनीय है। रोटरी वर्ष 2025–26, रोटरी फाउंडेशन के दृष्टिकोण से एक असाधारण और ऐतिहासिक वर्ष रहा। यह सफलता सभी रोटेरियनों के सामूहिक प्रयास, उत्कृष्ट टीमवर्क और सेवा-भावना का परिणाम है।

मैं IPDG रोटेरियन सुशील मल्होत्रा, DGSC रोटेरियन रूबी मल्होत्रा, फंड रेज़िंग चेयर PDG रोटेरियन जिनेंद्र जैन तथा संपूर्ण डिस्ट्रिक्ट रोटरी फाउंडेशन टीम के प्रेरणादायी नेतृत्व, अथक परिश्रम एवं समर्पण के लिए हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आप सभी के योगदान ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि को संभव बनाया है।

अब जब हम रोटरी वर्ष 2026–27 में प्रवेश कर रहे हैं, तो हमारे सामने नई संभावनाएँ और नई चुनौतियाँ हैं। आइए, हम सभी पुनः नव उत्साह, नई ऊर्जा और दृढ़ संकल्प के साथ एकजुट होकर The Rotary Foundation के माध्यम से “दुनिया में अच्छाई करें (Do Good in the World)” के अपने संकल्प को आगे बढ़ाएँ और इस वर्ष को भी उतना ही यादगार एवं प्रेरणादायी बनाएँ।

PDG CA नितिन डफरिया

डिस्ट्रिक्ट रोटरीफाउंडेशनचेयर

(DRFC) डिस्ट्रिक्ट 3040




रोटरी नमस्कार, स्वागत है,

1 जुलाई, खुशनुमा सुबह  नई ऊर्जावान टीम के साथ नए रोटरी वर्ष के आगमन का प्रतीक है, जो रोटरी के द्वारा स्थाई प्रभाव स्थापित करने (Create Lasting Impact through Rotary) के लिए पूरी तरह तैयार और उत्साहित है।

पिछले कुछ वर्षों में हम रोटेरियन्स ने विश्व को जोड़ा (Connected the World) है, नए क्षितिज और अवसर खोले हैं (Opened Opportunities), हम सभी ने किसी के जीवन को छूने (Touching Lives), बदलने (Changeing lives) की सेवा की है.. अपने आस-पास, समुदायों में आशा पैदा (Created Hope in World) करके कुछ अच्छा करने के लिए एका स्थापित (Unite for Good) किया है।

आज हम हर एक, लाओ एक (Each One Bring One) नारे के तहत नए दोस्तों के साथ..मिलकर  काम (work) करें.. खेलें (Play).. बदलाव (Change) के लिए मिलें, रूपांतरित (Transform) करें, संलग्न (Engage)  करें, प्रेरित (Inspire) करें, जीवन बदलने के लिए मार्गदर्शन (Mentor) करें और रोटरी के जादू को जीवंत करें (Magic of Rotary) ..

पिछले साल की टीम द्वारा किए गए शानदार कार्यो के लिए बधाई और नई टीम, आपको सफल वर्ष की शुभकामना प्रेषित करता हूं..

धन्यवाद,

रो. अक्षत गुप्ता

रोटरी इंदौर प्रोफेशनल्स



Only For Internal Circulation




Heartiest congratulations  Priyanki on your Installation as President
Your leadership is an inspiration and a testament to the growing strength of women in Rotary. Women bring compassion, resilience  and vision to service, creating meaningful and lasting change in our communities. Wishing you a successful and impactful Rotary year ahead, filled with service, fellowship, and excellence

Warm and best wishes,
Rtn.Divya Dafria



स्वार्थ की सीमाएं जहां
समाप्त हो जाती हैं
वहीं से रोटरी की सेवा यात्रा
आरंभ हो जाती हैं
सेवा की हर कदम पर
जब मुस्कानें खिलती है
तभी जीवन अपनी सच्ची
मंजिल पा लेती हैं

अनुजा सिंघई

Heartiest congratulations dear Priyanki on your Installation as President!

As the first woman President of our club, it fills my heart with immense pride and joy to see another capable and dynamic lady taking the reins. Your installation is not just a celebration of leadership, but a reflection of the growing strength and influence of women in Rotary. Women leaders bring compassion, fresh perspectives, resilience, and the ability to create meaningful and lasting impact.

As a woman President, you have a unique opportunity to uplift and empower women and girls through initiatives that promote education, health, dignity, and self-reliance. Every life you touch will inspire many more, proving that when women lead, communities thrive. I am confident your vision and dedication will take our club to greater heights. Wishing you a wonderful Rotary year filled with impactful service, strong fellowship, and unforgettable achievements. Congratulations once again!

Sushama Nandi
President 2024-25



Only For Internal Circulation

Dear RCIP Members,

As Rotary Year 2025-26 comes to an end and we hand over the baton to Team 2026-27, we express our heartfelt gratitude to our Past Presidents, CLF, Board Members, all old and new members, and their families for their unwavering support throughout the year.

Together, we made this a memorable year for RCIP with several proud milestones:

✅ 48 events conducted during the year
✅ 15 new members inducted
✅ Achieved 100% Donor Club status
✅ Supported the election of DRFC Rtn. Nitin Dafria to COL
✅ Chartered a new Interact Club
✅ Completed CSR projects worth ₹50 lakh for Indore Cancer Foundation and National School for Blind through Solar Rooftop and medical equipment support
✅ Added 15+ PHFs from our club
✅ Participated in all District events and successfully hosted two major District events
✅ Distributed 2,500 school bags with English Language Kits to Government School students
✅ Donated a Water Cooler and Sewing Machines for community service projects
✅ Undertook major environmental initiatives through tree plantation and solar projects
✅ Conducted healthcare camps benefiting students and expectant mothers
✅ Distributed blankets to over 300 needy people
✅ Created countless memories through fellowship and family events throughout the year

These achievements belong to every member of the RCIP family and were possible only because of your collective efforts and support.

It has been a wonderful journey that we will cherish forever.

We wish President Rtn. Priyanki Maheshwari, Secretary Rtn. Anurag Singhai, and the entire Board of 2026-27 a highly successful year ahead and assure them of our wholehearted support in taking RCIP to even greater heights.

With Gratitude & Regards,

Rtn. Bhanu Taparia
President, RCIP 2025-26

Rtn. Sunil Attri
Hon. Secretary, RCIP 2025-26



Only For Internal Circulation

## An Auspicious Begining








दिनांक: 1 जुलाई 2026
स्थान: श्री वैष्णव धाम मंदिर, बिचौली मरदाना, इंदौर
मुख्य अतिथि/विशेष उपस्थिति: असिस्टेंट गवर्नर (AG) रो. सोनल कोठारी जी
मंगल आशीर्वाद से नववर्ष का आगाज़

रोटरी क्लब ऑफ इंदौर प्रोफेशनल्स ने अपने नए रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरुआत एक अत्यंत दिव्य, आध्यात्मिक और मंगलमयी माहौल में की। 'माता के जयकारों' की गूंज और मंदिर प्रांगण में मौजूद सभी सदस्यों के सकारात्मक ऊर्जा (Positive Vibes) ने इस अवसर को बेहद खास और स्मरणीय बना दिया।

माता रानी के द्वार की और बढ़ते हुए जयकारा की गूंज के साथ प्रफुल्लित मन से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

जगतजननी माता रानी की भव्य आरती कर गणेश पूजन एवं देवादिदेव महादेव का पावन अभिषेक सभी ने किया। शिव परिवार के इस विशेष पूजन से सभी सदस्यों ने नए वर्ष में समाज सेवा के कार्यों को निर्विघ्न पूरा करने का आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूजा-अर्चना की समाप्ति के बाद सभी उपस्थित सदस्यों के लिए सुरुचिपूर्ण नाश्ते की व्यवस्था की गई थी, जहाँ सभी ने आपस में मस्ती के कुछ पल बिताए।

धन्यवाद Rtn. Pooja Agrawal ji aur Rtn. Akhilesh Khandelwal ji का जिन्होंने इस कार्यक्रम की प्लानिंग से लेकर रूपरेखा से लेकर एक्जीक्यूशन तक का पूरा भार संभाला।

सुबह के व्यस्त schedule से समय निकाल कर आये असिस्टेंट गवर्नर (AG) सोनल कोठारी जी सहित क्लब के सभी सम्माननीय सदस्यों एवं anns का हृदय से आभार और धन्यवाद।

प्रियांकी माहेश्वरी
अनुराग सिंघई

List of Awards Received on June 28th for 25-26

🏆 Outstanding Club Award
🏆 Outstanding President Award
🏆 Outstanding Secretary Award
🏆 Gold PHF Champion Award
🏆 Rotary Friendship Ambassador Award for Hosting RFE – Inter District Exchange Team
🏆 Host Excellence Award for Hosting Intercity of Membership & Public Image
🏆 100% Foundation Giving Club Award
🏆 Literacy Army Sustainable Service Award
🏆 English Language Learning Excellence Initiative Award
🏆 Roof Top Solar Initiative – Remarkable Service Project Award for work with Indore Cancer Foundation and Blind School initiatives
🏆 Bronze Membership Champion Award
🏆 Fifteen Certificates of Appreciation for services across various avenues of Rotary service.
🏆 Governor's Jewels Awards- PDG Rtn. Nitin- Divya Dafria & Rtn. Rinkesh Shah
🏆 District Service Club Chair Award- Rtn. Akshat Gupta
🏆 DRFC Service Recognition Award - Rtn. Nitin Dafria
🏆 Avenue of Service- Crystal Award to Rtn. Akhilesh Maheshwari & Rtn. Rinkesh Shah
🏆 AG Recognition Award to Rtn. Deepa Gupta & Rtn. Rinkesh Shah
🏆 Award for Udaan Endowment support Rtn. Nitin Dafria & Rtn.Ravi Nandi.
🏆 Benefactor recognition Award PDG Nitin Dafria
🏆 Award for exemplary service- Rtn.Akshat Gupta
🏆 Torch Bearer Award to Rtn. Deepa Gupta , Rtn. Rinkesh Shah , Rtn. Anoop Golchha Rtn. Dr. Prafull Dubey , Rtn Ravi & Rtn. Sushama Nandi.



## Our Governing Body




President Priyanki Maheshwari




Hon. Secretary Anurag Singhai




IPP Bhanu Taparia





































Only For Internal Circulation

Rotary Indore Professionals

# Rotary Info

Charter No. – C66657 RI District 3040




Only For Internal Circulation

## Integrated Learning Program

**3rd May 2026**

In beginning of May the rotary learning seminar was held for incoming President's and secretary. In the words of Priyanki as posted on facebook "2 days, full of learning, bonding... One mission: Service Above Self. Wrapped up the Rotary Integrated Learning Seminar as President Elect. The journey begins very soon... Ready to make the coming Rotary year impactful for our club and community.



















Rotary Indore Professionals

# Rotary Info

Charter No. – C66657  RI District 3040

## Board Familarisation Meet

**7th June 2026**









Thanks all for joining Board Familiarization Meet today with spouses n making a memorable day where we all had great fellowship with fun food & masti with Game Traitor, and most importantly the Budget for the next rotary year. -Rt. Anurag Singhai








Only For Internal Circulation

Rotary Indore Professionals

# Rotary Info

Charter No. – C66657 RI District 3040

## Club Leadership Learning Program
















Rotary International के अंतर्गत आयोजित होने वाला महत्वपूर्ण वार्षिक नेतृत्व एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम अभिकल्प, CLLS (Club Leadership Learning Seminar) दिनांक 31 मई 2026 को सयाजी महल इंदौर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम आने वाले रोटरी वर्ष के लिए क्लब के नव-निर्वाचित पदाधिकारियों, निदेशकों एवं समिति अध्यक्षों को नेतृत्व, संगठन, सेवा गतिविधियों एवं रोटरी की कार्यप्रणाली से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।
अभिकल्प, CLLS  का मुख्य उद्देश्य नए नेतृत्व को आगामी रोटरी वर्ष के लिए तैयार करना, उन्हें प्रभावी कार्यशैली, टीम प्रबंधन, सेवा परियोजनाओं के संचालन एवं रोटरी के मूल सिद्धांतों की जानकारी प्रदान करना है, ताकि वे समाज सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावशाली ढंग से आगे बढ़ा सकें।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं प्रेरणादायी वक्ताओं के रूप में shri Gurjeet Singh Sekhon, R.I. Director - Zone 4 & 7, shri Uday Pillani, District Governor Elect RID 3150 एवं shri  Ravishankar Dakoji, District Governor Elect RID 3192 विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में रोटरी के मूल मंत्र "Service Above Self" को जीवन में अपनाने का संदेश देते हुए सेवा कार्यों को नई ऊर्जा एवं नई सोच के साथ आगे बढ़ाने पर जोर दिया।
इस अवसर पर Rotary District 3040 के District Governor Elect shri Sanskar Kothari एवं First Lady Smt. Deepti Kothari की गरिमामयी उपस्थिति रही। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि रोटरी केवल एक संगठन नहीं बल्कि समाज सेवा का एक सशक्त माध्यम है, जो शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण एवं सामाजिक उत्थान के क्षेत्रों में निरंतर कार्य कर रहा है। उन्होंने सभी नए पदाधिकारियों को आगामी वर्ष में अधिक से अधिक सेवा प्रकल्पों को सफलतापूर्वक संचालित करने के लिए प्रेरित किया।
इस आयोजन की मेजबानी Rotary Club of Indore Professionals द्वारा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में Event Chairman Shri Rinkesh Shah, Club President 2026-27 Smt. Priyanki Maheshwari एवं Past District Governor Shri Nitin Dafria की विशेष भूमिका रही। आयोजन की संपूर्ण व्यवस्थाएं अत्यंत सुव्यवस्थित एवं आकर्षक रहीं, जिसकी सभी उपस्थित सदस्यों ने सराहना की।
कार्यक्रम का प्रभावशाली एवं ऊर्जावान संचालन Past District Governor Shri Dhiren Dutta द्वारा किया गया। उनके कुशल संचालन ने पूरे आयोजन को अनुशासित, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बनाए रखा।
CLLS के दौरान विभिन्न तकनीकी एवं नेतृत्व सत्र आयोजित किए गए, जिनमें रोटरी क्लब संचालन, सदस्यता वृद्धि, प्रभावी नेतृत्व, जनसंपर्क, सेवा परियोजनाओं की योजना एवं टीम समन्वय जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित सभी रोटेरियन्स ने अपने अनुभव साझा किए तथा आने वाले रोटरी वर्ष में बेहतर कार्य करने के लिए नए विचारों एवं योजनाओं पर मंथन किया।
कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रोटरी प्रकल्पों पर भी विस्तृत चर्चाएं हुईं एवं समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना की गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें सेवा कार्यों को और अधिक प्रभावी एवं व्यापक स्तर पर करने के लिए प्रेरित किया गया।

Only For Internal Circulation

CREATE LASTING IMPACT

## Rotary Internationl Theme




Olayinka Hakeem Babalola is the 2026–27 President of Rotary International. A member of the Rotary Club of Trans Amadi, Nigeria, his one-year term officially began on July 1, 2026. Babalola began his Rotary journey in 1984 as a Rotaractor. Over the decades, he has held numerous leadership roles, including District Governor (2011–12), RI Director (2018–20), and RI Vice President (2019–20)

Rotary International President-elect Olayinka H. Babalola called on members to Create Lasting Impact by making their clubs more welcoming, carrying out impactful projects, and allowing their Rotary experiences to transform them personally.

“Rotary has changed us. It has shaped who we are and made us better people,” Babalola said at Rotary’s International Assembly in Orlando, Florida, USA, on 12 January. “We often talk about changing the world. We talk about ending polio, about building peace. We do not think enough about how Rotary transforms us.”
said. Young people aren’t necessarily treated with respect, he added, and people with different ideas and backgrounds aren’t always made to feel welcome. He urged members to think about how they could better welcome others.

“You never know whose Rotary story might begin — or end — based on the way you make them feel at a meeting or service project,” he said.

Another way members can focus on personal change, he said, is to aim to do better than their best. He urged district leaders to examine their past successes in raising funds, planning projects, and recruiting members. Then, he said, they should challenge themselves to surpass their past triumphs.

“When we change ourselves, we change our clubs and districts,” he concluded. “When we change our districts, we change the communities we serve. And when we change our communities, we create lasting impact across the globe, in our communities, and in ourselves.”

Only For Internal Circulation

Rotary Indore Professionals

# Rotary Info

Charter No. – C66657 RI District 3040

## मातृत्व

प्रेम, त्याग, ममता और सृजन का अद्‌भुत स्वरूप

मातृत्व मानव जीवन का सबसे पवित्र, भावनात्मक और महान अनुभव है। यह केवल एक बच्चे को जन्म देने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि उसे प्रेम, सुरक्षा, संस्कार और सही दिशा देने की आजीवन जिम्मेदारी है। एक माँ अपने बच्चे के जीवन की पहली गुरु, पहली मित्र और पहली संरक्षक होती है। माँ का निस्वार्थ प्रेम, त्याग और समर्पण संसार में किसी भी रिश्ते से बढ़कर माना जाता है। यही कारण है कि भारतीय संस्कृति में माँ को ईश्वर के समान सम्मान दिया गया है। कहा भी गया है— "जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।"

मातृत्व केवल एक स्त्री के जीवन का महत्वपूर्ण पड़ाव नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण का आधार भी है। एक माँ ही बच्चे के व्यक्तित्व की पहली शिल्पकार होती है। वह अपने बच्चे को बोलना, चलना, अच्छे संस्कार, अनुशासन, दया, प्रेम, ईमानदारी और दूसरों का सम्मान करना सिखाती है। बच्चे के जीवन में जो भी नैतिक मूल्य विकसित होते हैं, उनकी नींव अक्सर माँ ही रखती है।

मातृत्व की शुरुआत गर्भधारण से होती है। गर्भावस्था के नौ महीनों में माँ अनेक शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक परिवर्तनों से गुजरती है। वह अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखती है ताकि उसका शिशु स्वस्थ और सुरक्षित जन्म ले सके। इस दौरान वह अनेक कठिनाइयों और असुविधाओं को सहन करती है, लेकिन उसके मन में केवल अपने बच्चे की खुशी और भविष्य की चिंता होती है।

शिशु के जन्म के बाद माँ की जिम्मेदारियाँ और भी बढ़ जाती हैं। रातों की नींद त्यागकर बच्चे की देखभाल करना, उसे उचित पोषण देना, उसकी हर छोटी-बड़ी आवश्यकता का ध्यान रखना और उसे सुरक्षित वातावरण प्रदान करना माँ के दैनिक जीवन का हिस्सा बन जाता है।

माँ – पहली गुरु

किसी भी बच्चे की शिक्षा घर से शुरू होती है और उसकी पहली शिक्षिका उसकी माँ होती है। वह बच्चे को भाषा, व्यवहार, अनुशासन, स्वच्छता, नैतिकता और सामाजिक मूल्यों की शिक्षा देती है। माँ की सीख जीवनभर बच्चे का मार्गदर्शन करती है। यदि किसी समाज में माताएँ शिक्षित, जागरूक और संस्कारी हों, तो वह समाज निश्चित रूप से प्रगति करता है।

आधुनिक समय में मातृत्व

आज की महिलाएँ घर और कार्यस्थल दोनों की जिम्मेदारियाँ समान रूप से निभा रही हैं। वे डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, वैज्ञानिक, सैनिक, प्रशासक और उद्यमी के रूप में अपनी पहचान बना रही हैं। इसके साथ ही वे अपने बच्चों की देखभाल और परिवार की जिम्मेदारियों को भी पूरी निष्ठा से निभाती हैं। इसलिए आज मातृत्व का अर्थ केवल घर तक सीमित नहीं है, बल्कि परिवार और समाज के बीच संतुलन स्थापित करना भी है।

समाज का कर्तव्य

मातृत्व का सम्मान केवल शब्दों से नहीं, बल्कि व्यवहार से होना चाहिए। गर्भवती महिलाओं को उचित स्वास्थ्य सेवाएँ, पौष्टिक भोजन, सुरक्षित वातावरण और मानसिक सहयोग मिलना चाहिए। परिवार के सभी सदस्यों को माँ की जिम्मेदारियों को साझा करना चाहिए ताकि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रह सके। कार्यस्थलों पर भी मातृत्व अवकाश, शिशु देखभाल की सुविधाएँ और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है।

मातृत्व प्रेम, त्याग, धैर्य, करुणा और समर्पण का अद्वितीय संगम है। माँ अपने बच्चों के लिए हर कठिनाई को मुस्कुराते हुए सहन करती है और बिना किसी अपेक्षा के उनका जीवन संवारती है। उसके प्रेम का कोई मूल्य नहीं लगाया जा सकता। इसलिए हमें अपनी माँ का हमेशा सम्मान करना चाहिए, उनका आदर करना चाहिए और उनके प्रति कृतज्ञ रहना चाहिए।

सच ही कहा गया है—

"माँ के चरणों में स्वर्ग है,
माँ के आशीर्वाद में जीवन की सबसे बड़ी शक्ति है।"



मातृत्व केवल एक संबंध नहीं, बल्कि मानवता का सबसे सुंदर और अमूल्य उपहार है।

Dr Heena Agrawal
Infertility and ivf specialist

Only For Internal Circulation

The golden wheel begins to turn anew,
A year of promise rising into view.
The passing pin, the warm and shared embrace,
As bright new leaders take their rightful place.

We gather now united by Sankalp,
A deep resolve to offer boundless help.
Not just a vow, but iron in the soul,
To build communities and make them whole.

Through quiet deeds and hands reached out in care,
We plant the seeds of impact everywhere.
From spark of thought to fires burning bright,
We turn the wheel from darkness into light.

Step forward, leaders, honored at the helm,
To steer our fellowship across the realm.
With visions bold and spirits guiding clear,
We welcome you into this Rotary year.

For "Service Above Self" remains the creed,
Our shared Sankalp to answer every need.
The wheel rotates, the mission stands the same:
To heal the world and leave a lasting name

## July Month Birthdays and Anniversaries!
## Congratulations and Best Wishes!

1. Rajendra Maheshwari Anniversary 2nd July
2. Dr. Achal Agrawal Anniversary 8th July
3. Nilesh Gaur Birthday 22nd July
4. Anurag Singhai Birthday 22nd July
5. Akhikesh Khandelwal Birthday 23rd July

Only For Internal Circulation